प्रेस नोट

जनपद हमीरपुर **दिनांक 26.04.2024**

पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर के द्वारा प्रचलित लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024, नामांकन ड्यूटी पर लगे पुलिस बल को ब्रीफ किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर द्वारा आज दिनांक 26.04.2024 को प्रचलित लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत जनपद हमीरपुर के नामांकन ड्यूटी पर लगे पुलिस बल को बैरिकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारी /कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

महोदया के द्वारा निर्देश दिए गए की प्रत्याशियों व उनके समर्थकों व वाहनों के पार्किंग के लिए स्थल निर्धारित किए गए हैं। प्रत्याशियों व उनके समर्थकों से सरल व मृदुभाषी व्यवहार किए जायें तथा उनको किसी भी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। ड्यूटी पर लगा पुलिस बल सतर्कता से ड्यूटी करेंगे। कोई भी व्यक्ति या अराजकतत्व नामांकन व्यवस्था को प्रभावित करता है तो उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाए। हमीरपुर पुलिस व प्रशासन निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव कराने हेतु प्रतिबद्ध है।

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर, क्षेत्राधिकारी सदर जनपद हमीरपुर, क्षेत्राधिकारी मौदहा जनपद हमीरपुर, क्षेत्राधिकारी यातायात, प्रभारी चुनाव सेल व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

ब्रीफिंग पुलिस बल
जनपद हमीरपुर
दिनांक : 15 अप्रैल 2024

लोकसभा निर्वाचन 2024
ब्रीफिंग पुलिस बल